# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 31.08.2025 (संध्या– 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में त्योहारों में स्वच्छता बनाए रखने पर दिया जोर, एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना में खेलों की बड़ी भूमिका का किया उल्लेख।
2. झारखंड समेत देशभर में नागरिकों ने सामूहिक रूप से सुनी मन की बात की 125वीं कड़ी, जामताड़ा में ग्रामीणों ने स्वदेशी सामानों के उपयोग के संदेश की सराहना की।
3. धनबाद में आईएमए के वार्षिक सम्मेलन में ढाई सौ डॉक्टरों ने लिया हिस्सा, आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर हुई चर्चा।
4. रांची पुलिस ने मोबाइल स्नैचर गैंग का किया भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार, 24 चोरी के मोबाइल बरामद।

और

5. रांची में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का समागम आयोजित, खेल विकास बाधाओं पर हुई चर्चा, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा–खिलाड़ियों को पहचान दिलाने के लिए उठाए जाएंगे कदम।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि त्यौहारों की खुशियों के बीच स्वच्छता पर ज़ोर देते रहना चाहिए क्योंकि जहां स्वच्छता है, वहां त्योहारों का आनंद भी और बढ़ जाता है।

आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज उन्होंने कहा कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना देश के विकास के लिए बहुत ज़रूरी है और इसमें खेलों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने श्रीनगर में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया जलक्रीड़ा उत्सव की चर्चा की।

*******************

जामताड़ा जिले के लोगों ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 125वीं कड़ी को सामूहिक रूप से सुना और इसे युवाओं के लिए उत्साहवर्धक बताया। नाला प्रखंड के बांदों गांव में ग्रामीणों ने टीवी के माध्यम से कार्यक्रम देखा और कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेशी सामानों के उपयोग और खेल प्रतिभाओं को उभारने के संदेश की सराहना की।

*******************

गढ़वा और पलामू में यूरिया खाद की भारी कमी को देखते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखकर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। सांसद ने कहा कि धान की फसल के लिए इस समय खाद की अत्यंत आवश्यकता है और खाद की कमी के कारण किसान काफी परेशान हैं।

*******************

धनबाद में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें करीब ढाई सौ डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और ज्ञान का आदान–प्रदान हुआ, जिससे चिकित्सकों को महत्वपूर्ण लाभ मिला। आई एम ए के जिला सचिव डॉ. राकेश इंदर सिंह ने बताया कि अब धनबाद में घुटना प्रत्यारोपण, एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी जैसी आधुनिक प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की जा रही हैं।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. डीपी भूषण ने कहा कि यह सम्मेलन ग्रामीण क्षेत्र के डॉक्टरों के लिए आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों को साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर रहा।

*******************

साहिबगंज जिले के बोरियो प्रखंड के मदनशाही गांव में खसरा के दो पुष्ट मामले पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। जिला स्वास्थ्य टीम ने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर सामुदायिक बैठक आयोजित की और 01 और 02 सितंबर को विशेष टीकाकरण अभियान की योजना बनाई। अभियान में 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन दी जाएगी और ग्रामीणों से बच्चों को टीकाकरण केंद्रों तक पहुँचाने में सहयोग की अपील की गई।

*****************

रांची पुलिस ने चुटिया थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नैचर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 24 चोरी किए गए मोबाइल बरामद किए। सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

*****************

हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं एवं पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अष्टभुजी माता मंदिर, घाघरा डैम और इस्को गुफा का अवलोकन करते हुए पर्यटन सुविधाओं को प्राथमिकता देने और आवागमन को सुगम बनाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाघरा डैम नहर की सफाई मनरेगा से कराने का आदेश दिया, ताकि सिंचाई और रोजगार दोनों में लाभ मिल सके।

*****************

संक्षिप्त खबरें–

- गढ़वा जिला प्रशासन ने भूमि विवादों के त्वरित निवारण के लिए थाना और अंचल दिवस का आयोजन करने की योजना बनाई है। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बताया कि हर माह 30 तारीख को थानों और 15 तारीख को अंचल परिसर में शिकायतों का समाधान किया जाएगा।
- कोडरमा जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के गगरेसिंघा और योगीडीह गांव में चोरों ने करीब 10 घरों में चोरी कर नगदी और सोने–चांदी के जेवरात ले लिए। पीड़ित महिला, स्थानीय निवासी और पंचायत प्रतिनिधि ने जल्द से जल्द मामले का उद्वेदन करने की मांग की।

*****************

मौसम विभाग ने कल राज्य के कई जिलों में वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना जताई है जबकि राजधानी रांची में बादल छाए रहेंगे और दोपहर बाद हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने 2 सितंबर को गिरिडीह, देवघर, धनबाद, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में मध्यम से भारी बारिश और वज्रपात का अनुमान जताया है। राज्यवासियों को मौसम की इस स्थिति के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

*****************

रांची के शौर्य सभागार, जैप–1 डोरंडा में झारखंड के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का समागम आयोजित हुआ, जिसमें पूर्व खेल मंत्री बंधु तिर्की और पूर्व खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा सहित कई खिलाड़ी शामिल हुए। इस मौके पर खेल और खिलाड़ियों के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने तथा समाधान खोजने पर चर्चा की गई। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि गुमनाम जीवन जी रहे खिलाड़ियों को पहचान और लाभ दिलाने के लिए शोभनियर और समिति का गठन किया जाएगा।

पूर्व निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने कहा कि खिलाड़ियों को मंच प्रदान कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और खेल के विकास को गति मिलेगी।

******समाप्त********